सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून28 सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नीरजा गोयल ने मुलाकात की। नीरजा अंर्तराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी और राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं। नवम्बर माह में जापान में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नीरजा प्रतिभाग करेंगी। राज्यपाल ने नीरजा गोयल के जज्बे और साहस की सराहना करते हुए उन्हें महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद भी नीरजा ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर यह मुकाम पाया है। वह उत्तराखण्ड की बालिकाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्यपाल ने जापान में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस दौरान नीरजा ने राज्यपाल से पैरा खिलाडियों के लिए विशेष प्रशिक्षक और प्रशिक्षण के लिए कोर्ट बनाये जाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने इसके लिए केंद्रीय खेल मंत्री और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने नीरजा की हर संभव सहायता करने का भरोसा दिया।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172